# HINDI PRACTICE PAPER – WA 1

# PRIMARY 6

KONZEPTES
Feed Your Mind

---

Student's Name: ________________________________

Centre / School: ________________________________

Class / Section: ________________________________

Date: ________________________________

Time: 1 Hour

Maximum Marks: 30

Additional Materials: Nil

---

## READ THESE INSTRUCTIONS FIRST

- Write your name, class, and school clearly in the spaces provided.
- Read all the questions carefully before answering.
- For Multiple Choice Questions (MCQs), write the correct option number in the brackets **( )** provided.
- For open-ended and fill-in-the-blank questions, write your answers neatly in the spaces provided.
- Ensure your handwriting is clear and legible.

| SECTION | COMPONENT (विषय) | MAX MARKS | MARKS OBTAINED |
|---|---|---|---|
| SECTION A | Language Use - Pronoun (सर्वनाम) | 2 | |
| SECTION B | Language Use - Synonyms (समानार्थी) | 4 | |
| SECTION C | Language Use - Spelling (वर्तनी) | 2 | |
| SECTION D | Completion of Sentence (वाक्य पूर्ति) | 4 | |
| SECTION E | Idioms & Proverbs (मुहावरे/लोकोक्तियाँ) | 4 | |
| SECTION F | Cloze Passage (आशय समझना) | 5 | |
| SECTION G | OE Comprehension (अपठित गद्यांश) | 9 | |
| **TOTAL** | | **30** | |

Teacher's Signature:

Date:

This document consists of 9 printed pages (including cover page)

**SECTION A Language Use (Pronoun)**

**खंड A भाषा प्रयोग (सर्वनाम)**

**प्रश्न 1 से 4: खाली स्थान भरने के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखिए।** **(2)**

राहुल और मैंने मिलकर एक विशेष रोबोट बनाया। **1)** ______ इसके लिए कबाड़ के सामान का उपयोग किया। जब हमारे विज्ञान शिक्षक ने यह देखा, तो **2)** ______ हमारी बहुत प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि **3)** ______ मेहनत रंग लाई है। प्रदर्शनी के अंत में, जब हमें प्रथम पुरस्कार मिला, तो **4)** ______ खुशी का ठिकाना न रहा।

1. (1) हम
   (2) हमने
   (3) हमारा ( )

2. (1) उन्होंने
   (2) उनका
   (3) उन्हें ( )

3. (1) उसकी
   (2) तुम्हारी
   (3) हमें ( )

4. (1) हमारी
   (2) तुम्हारी
   (3) अपनी ( )

KONZEPTES Feed Your Mind



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

**SECTION B - Language Use (Synonyms)**

**खंड B भाषा प्रयोग (समानार्थी)**

**प्रश्न 5 से 8 के लिए नीचे दिए गए वाक्यों में <u>रेखांकित</u> शब्द दिए गए हैं। इन रेखांकित शब्दों के समानार्थी शब्दों की सहायता से शब्द-पहेली पूरी कीजिए। (4)**

**शब्द-पहेली**

| | | |
|---|---|---|
| | 7. | 5. |
| 6. | | |
| 8. | | |

शब्द-पहेली

**ऊपर से नीचे**

5. आज **<u>आकाश</u>** बहुत साफ़ है।
6. **<u>जंगल</u>** में बहुत सारे ऊँचे पेड़ और जंगली जानवर होते हैं।

**बाएँ से दाएँ**

7. **<u>हिरण</u>** जंगल में तेज़ी से दौड़ रहा है।
8. धूल उड़ने के कारण मेरी **<u>आँख</u>** में कुछ गिर गया।



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.
Feed Your Mind

**Section C Language use (Spelling)**

**खंड C भाषा प्रयोग (वर्तनी)**

**प्रश्न 9 से 12 के लिए नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द दिए गए हैं। इन रेखांकित शब्दों की सही वर्तनी दिए गए स्थान पर लिखिए। (2)**

9. हमारे स्कूल में एक **सापताहिक** पत्रिका आती है।
10. हमें हमेशा अपने बड़ों का **आशिरवाद** लेना चाहिए।
11. महादेवी वर्मा हिंदी की एक प्रसिद्ध **कविइत्री** थीं।
12. हमें **पर्यावरन** को स्वच्छ रखना चाहिए।

9. ___________

10. __________

11. __________

12. __________

KONZEPTES
Feed Your Mind

**Section D (Completion of sentence)**

**खंड D (वाक्य पूर्ति)**

**प्रश्न 13 से 16 के खाली स्थान अपनी पसंद के उपयुक्त शब्दों से भरें (4)**

13. नियमित व्यायाम करने से शरीर _______ रहता है।
14. हमें समय का सही _______ करना चाहिए।
15. कठिन परिश्रम करने से सफलता अवश्य _______ होती है।
16. अच्छे लोग हमेशा सच का _______ देते हैं।



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

**Section E (Idioms/ Proverb / Word plan)**

**खंड E (मुहावरे / लोकोक्तियाँ / सह-प्रयोग)**

**प्रश्न 17 से 20 में मुहावरों, लोकोक्तियों और सह-प्रयोगों के अर्थ रेखांकित किए गए हैं। नीचे दिए विकल्पों में से सही मुहावरों, लोकोक्तियों और सह-प्रयोगों को चुनें और उनकी संख्या (1, 2, या 3) को कोष्ठक में लिखें। (4)**

17. सेना ने युद्ध में दुश्मनों को पराजित कर दिया।
    (क) चार चाँद लगाना
    (ख) दाँत खट्टे करना
    (ग) कान खड़े होना ( )

18. परीक्षा में असफल होने के बाद वह बहुत शर्मिंदा हुआ।
    (क) पानी-पानी होना
    (ख) दाँतों तले उँगली दबाना
    (ग) नौ दो ग्यारह होना ( )

KONZEPTES
Feed Your Mind

19. पुलिस को देखकर चोर तुरंत भाग गया।
    (क) आँखें बिछाना
    (ख) नौ दो ग्यारह होना
    (ग) आड़े हाथों लेना ( )

20. अपने लक्ष्य को पाने के लिए उसने पूरी ताकत लगा दी।
    (क) दो नावों में पाँव रखना
    (ख) आँखों का तारा होना
    (ग) एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाना ( )



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

## Section F Cloze Passage

**खंड F (आशय समझना)**

**प्रश्न 21 से 25 में खाली स्थान भरने के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्द या वाक्यांश चुनें और उनकी संख्या को कोष्ठक में लिखें।** **(5)**

आज के समय में स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक हो गया है, क्योंकि बदलती जीवनशैली और भागदौड़ भरे वातावरण ने हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाला है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें संतुलित और पौष्टिक भोजन करना चाहिए तथा 21.________ व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। यदि हम बाहर के तले-भुने और फास्ट फूड को छोड़कर ताज़े फल, हरी सब्जियाँ और घर का बना भोजन ग्रहण करते हैं, तो हमारा शरीर 22.________ बना रहता है।

फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन करने से शरीर में पोषण की कमी हो सकती है और अनेक प्रकार की 23.________ उत्पन्न हो सकती हैं, जो धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती हैं। इसलिए हमें ताज़ा, स्वच्छ और संतुलित भोजन को ही प्राथमिकता देनी चाहिए।

इसके साथ ही अच्छी नींद लेना, मानसिक तनाव से दूर रहना तथा 24.________ मात्रा में पानी पीना भी अत्यंत आवश्यक है। यदि हम इन सभी बातों का नियमित रूप से पालन करें, तो हमारा जीवन 25.________, और खुशहाल बन सकता है।

21. (1) अनियमित (3) औपचारिक
    (2) नियमित (4) क्षणिक ( )

22. (1) स्थिर (3) स्वस्थ
    (2) दुर्बल (4) सक्रिय ( )



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

23. (1) रोग (3) बीमारियाँ
(2) कठिनाइयाँ (4) जटिलताएँ ( )

24. (1) अल्प (3) सीमित
(2) पर्याप्त (4) असीमित ( )

25. (1) संतुलित (3) अव्यवस्थित
(2) संघर्षपूर्ण (4) निर्बल ( )

**Section G (OE Comprehension)**

**खंड G (आशय समझना)**

**नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़ें और प्रश्न 26 से 28 के उत्तर दें। (9)**

सिया को बचपन से ही पुस्तकें पढ़ने का बहुत शौक था। वह मानती थी कि किताबें केवल समय बिताने का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान और अनुभव का खजाना होती हैं। स्कूल से घर आने के बाद वह पहले अपना गृहकार्य पूरा करती, फिर रोज़ कम से कम एक घंटा पुस्तक पढ़ने में बिताती थी। उसकी यह आदत उसे अन्य बच्चों से अलग बनाती थी।

सिया के घर में एक छोटी-सी पुस्तकालय थी, जिसमें कहानी, विज्ञान, इतिहास, जीवनियाँ और प्रेरणादायक पुस्तकों का संग्रह था। छुट्टियों के दिनों में वह दो-दो घंटे पढ़ती और पढ़ी हुई बातों को अपनी कॉपी में लिखकर संक्षेप में नोट्स भी बनाती थी। इससे उसकी स्मरण शक्ति और लेखन कौशल दोनों में सुधार हुआ।

सिया का मानना था कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र होती हैं। वे हमें सही दिशा दिखाती हैं, कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन देती हैं और हमारे विचारों को



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.
Feed Your Mind

सकारात्मक बनाती हैं। जब भी उसे किसी विषय में कठिनाई होती, वह पुस्तकालय से संबंधित पुस्तक खोजकर पढ़ती और समाधान ढूँढ़ती थी।

एक बार स्कूल में पुस्तक मेला लगा। सिया ने अपनी बचत से तीन नई पुस्तकें खरीदीं। उसने अपने मित्रों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें बताया कि मोबाइल और टीवी से बेहतर है कि हम कुछ समय किताबों को दें। उसकी शिक्षिका ने सभा में उसकी पढ़ने की आदत और अनुशासन की सराहना की तथा उसे “आदर्श पाठक” का प्रमाण-पत्र दिया।

सिया का विश्वास था कि जो विद्यार्थी पढ़ने की आदत विकसित कर लेते हैं, वे जीवन में आत्मविश्वासी, समझदार और सफल बनते हैं।

26. सिया अन्य बच्चों से अलग क्यों थी और उसकी इस आदत का उस पर क्या प्रभाव पड़ा?

______________________________

______________________________

______________________________

27. सिया के अनुसार पुस्तकें हमारी "सच्ची मित्र" कैसे हैं और कठिन समय में वे हमारी मदद किस प्रकार करती हैं?

______________________________

______________________________

______________________________



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

28. स्कूल की सभा में सिया को क्यों सम्मानित किया गया और उसने अपने मित्रों को क्या सलाह दी?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

End of Paper



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.